Title: Need to solve the problems being faced by farmers in Faridabad and Mewat regions in Haryana owing to inadequate irrigation facilities. − Laid.

***श्री अवतार सिंह भडाना (फरीदाबाद) :** महोदय, मेरे निर्वाचन क्षेत्र फरीदाबाद और उसके मेवात क्षेत्र में सिंचाई जल की गंभीर समस्या है। वहां न तो आगरा नहर का पानी पहुंच रहा है और न गुडगांव नहर का। गुजरे सालों में इस इलाके को बेरोकटोक आगरा नहर से पानी मुहैया कराया जाता था। मगर पिछले कुछ सालों से कभी इस नहर से पानी या तो पूरी तरह रोक दया जाता है या बहुत कम मात्रा में छोड़ा जाता है। नतीजन वहां पानी की बेहद कमी से फसलों और पशुधन की भारी हानि हो रही है। इससे वहां के किसान बहुत गुस्से में हैं और यहां तक कि कानून व्यवस्था को भंग कर आगरा नहर को तोड़ने पर आमादा हो गये हैं। अतः मेरा जल संसाधन मंत्री से अनुरोध है कि वह आगरा नहर से फरीदाबाद-मेवात क्षेत्र को पर्याप्त जल मुहैया कराने के लिए शीघ्र जरूरी व्यवस्था करें और हरियाणा के हित में केन्द्र की नदियों को जोड़ने की स्कीम को अमली जामा पहनाने पर विचार करें।

*Treated as Laid on the Table.